हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 जून 2026



# घुमका में अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण आज, उपाध्यक्ष भी चुना जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पंचायत घुमका में नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह तथा उपाध्यक्ष पद का चुनाव कल मंगलवार को आयोजित होने जा रहा है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है। कांग्रेस और भाजपा में मचे अंदरूनी घमासान के चलते आज होने वाला उपाध्यक्ष का चुनाव रोचक हो गया है। कांग्रेस जहां क्रॉस वोटिंग की आस में होगी। वहीं भाजपा अपने सभी 10 पार्षदों को एकजुट रखने पसीना बहाती नजर आएगी।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत घुमका के आम चुनाव एक जून को संपन्न हुए थे और इसके परिणाम चार जून को घोषित किए गए थे। इसके बाद नौ जून को छत्तीसगढ़ राजपत्र में निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों की अधिसूचना का प्रकाशन किया गया था। इसी क्रम में अब प्रथम सम्मेलन और शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत 23 जून को दोपहर बारह बजे से नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती फूलमती वर्मा और सभी निर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। यह गरिमामय कार्यक्रम नगर पंचायत घुमका के प्रांगण में संपन्न होगा। इसके ठीक बाद दोपहर दो बजे से उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए प्रथम सम्मेलन की शुरूआत की जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## आयोजन में आएंगे पूर्व सीएम भूपेश बघेल और दीपक बैज

### उपाध्यक्ष चुनाव का कार्यक्रम

उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने का समय दोपहर दो बजे से ढाई बजे तक तय किया गया है। इसके बाद ढाई बजे से पौने तीन बजे तक नामांकन पत्रों की जांच और आपत्तियों का निराकरण होगा। नाम वापसी के लिए दोपहर पौने तीन बजे से तीन बजे तक का समय दिया गया है। यदि आवश्यकता हुई तो दोपहर तीन बजे से चार बजे तक मतदान कराया जाएगा और शाम चार बजे से ही मतगणना और परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।




### दोनों दलों में दावेदार अधिक

ज्ञात हो कि नगर पंचायत में अध्यक्ष पद कांग्रेस ने जीत लिया है। वहीं 15 वार्ड में से दस में भाजपा, चार में कांग्रेस और एक निर्दलीय पार्षद है। जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए कम से कम 8 वोट की जरुरत जीतने के लिए होगी। हालांकि भाजपा के पास जरूरी आंकड़ा है, लेकिन भाजपा पार्षद नोहेन्द्र सिन्हा स्वयं उपाध्यक्ष बनना चाहते हैं। ऐसे में यदि भाजपा उन्हें अपना उम्मीदवार नहीं बनाती है तो चुनाव में कुछ भी परिणाम आ सकते हैं।

### पर्यवेक्षक तैनात, चुनेंगे प्रत्याशी

इस उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस पार्टी ने इस पूरी चुनावी प्रक्रिया पर नजर रखने और पार्षदों के मार्गदर्शन के लिए प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने भी अपने कद्दावर नेताओं केदारनाथ गुप्ता और जितेंद्र वर्मा को पर्यवेक्षक बनाकर मैदान में उतारा है, ताकि वे अपनी रणनीति को अमलीजामा पहना सकें।

## 333 विकास कार्यों का सीएम ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन, जल संरक्षण कार्य को सराहा

# जिले को मिली 510 करोड़ की सौगात, सीएम ने की फसल चक्र परिवर्तन कार्यों की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज स्टेट हाईस्कूल मैदान में आयोजित प्रगतिशील किसान सम्मेलन एवं लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विशेष तौर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम में 510 करोड़ की लागत के 333 विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राजनांदगांव जिले में फसल चक्र परिवर्तन एवं जल संरक्षण के लिए बहुत अच्छा कार्य किया गया है। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन की टीम तथा पद्मश्री फुलबासनबाई यादव एवं महिला स्व-सहायता समूह बिहान की टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते किसान फसल चक्र परिवर्तन को अपनाकर समृद्ध हो रहे हैं। राजनांदगांव जिले में किसानों को इसके लिए जागरूक किया गया है। उन्होंने कहा कि शासन ने खरीफ 2026 से कृषक उन्नति योजना अंतर्गत धान के बदले दलहन, तिलहन एवं अन्य फसल लेने के लिए किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रुपए की आदान सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि छोटे किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। जिससे खाद, बीज, खेती के लिए आवश्यक सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के ढाई साल पूर्ण हो गए हैं और मोदी की गारंटी को पूर्ण किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 18 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना लाई गई है, ताकि उपभोक्ता तनाव में न रहे। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।




### कृषि उत्पादन में होगी वृद्धि : सांसद

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि सरकार किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने विभिन्न सिंचाई, सड़क और पुल निर्माण परियोजनाओं का उल्लेख करते कहा कि इन कार्यों से किसानों को सीधे लाभ मिलेगा तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी।

### अधोसंरचना के होंगे काम : महापौर

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जिले को 511 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की महत्वपूर्ण सौगात मिली है। जिससे कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नई गति मिलेगी।

### सीएम का विस अध्यक्ष ने जताया आभार

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि फसल चक्र परिवर्तन एवं जल संरक्षण के लिए किसानों एवं ग्रामवासियों में जागृति लाने के लिए पद्मश्री फुलबासनबाई यादव महिला स्व-हसहायता समूह की महिलाओं के साथ अप्रैल-मई की दोपहरी में यात्रा करती रही और एक अद्भुत कार्य किया गया। आज राजनांदगांववासियों को 510 करोड़ रुपए की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि 114 करोड़ रुपए की लागत से शिवनाथ व्यपवर्तन योजना से धामनसरा, भर्रेगांव, जंगलेसर सहित 19 गांव को इस योजना से लाभ मिलेगा। इस सौगात के लिए विस अध्यक्ष ने सीएम साय का आभार व्यक्त किया।

### एबीस के साथ एमओयू हुआ

कार्यक्रम में जिला प्रशासन एवं एबीस एक्सपोर्ट के बीच किसानों के सोयाबीन उत्पाद की खरीदी के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर पद्मश्री फुलबासनबाई यादव, सरपंचों, प्रगतिशील किसानों, कृषि सखी दीदीयों, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को सम्मानित किया गया। धान फसल के स्थान पर दलहन फसल लगाने वाले कृषकों को मिनीकीट का वितरण किया गया।

### इन कामों की सौगात

आज 194 करोड़ रुपए की लागत के 107 कार्यों का लोकार्पण एवं 316 करोड़ रुपए की लागत के 226 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने शिवनाथ नदी मोहारा मेला स्थल पर ऑक्सीजन जोन तक 49 करोड़ रुपए की लागत से सस्पेंशन ब्रिज निर्माण, 60 एकड़ में सिंचाई कार्य हेतु 22 करोड़ रुपए की लागत से ईरा एनीकट निर्माण एवं प्रोटेक्शन राजनांदगांव का कार्य, 55 करोड़ रुपए की लागत से 22 किलोमीटर कुमरदा-गैंदाटोला-कल्लूबंजारी मार्ग, घुमरिया व्यपवर्तन जीर्णोद्धार हेतु लाईनिंग कार्य की स्वीकृति के 17 करोड़ रुपए की घोषणा की। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, जपं अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, राजगामी संपदा न्याय अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, सुरेश एच. लाल, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी बालाजी राव, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, वन मंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान व नागरिकगण उपस्थित थे।

# बाइक में शराब ले जाते दो पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

बाइक में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 21 जून को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मोटर साइकिल से अवैध रूप से शराब परिवहन कर बिक्री हेतु ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा छुईखदान-आमगांव रोड स्थित नहर पुल के पास ग्राम आमगांव में घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी राम यादव 30 वर्ष एवं तामरत वर्मा 26 वर्ष दोनों निवासी ग्राम उदयपुर को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से एक सफेद मटमैले रंग की प्लास्टिक बोरी में रखी हुई 22 पौवा 20-20 डिलक्स व्हीस्की कीमत 2,640 रुपए, 10 पौवा रोमियो देशी मसाला मदिरा कीमत 1,000 रुपए बरामद की गई।

### बाइक भी जब्त

पुलिस ने शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त बाइक को जब्त किया। आरोपियों के विरुद्ध थाना छुईखदान में धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में थाना छुईखदान पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### सांस्कृतिक यात्रा के लिए टीम रवाना

**राजनांदगांव।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अंतर्गत 22 से 26 जून तक आयोजित होने वाली सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा में प्रदेश के 1000 विशिष्टजन रायपुर से विशेष ट्रेन के माध्यम से गुजरात स्थित सोमनाथ धाम पहुंचेंगे। इस यात्रा में शामिल होने वाले राजनांदगांव जिले के 14 विशिष्ट नागरिक एवं शिवनाथ नदी से कलश में भरकर लाए गए जल की पूजा-अर्चना कर कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव से बस द्वारा रायपुर के लिए रवाना किया गया। राजनांदगांव जिले की टीम में नोडल अधिकार वैशाली मरडवार, नीरज बाजपेयी, कविता वासनिक, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, वीरेन्द्र तिवारी, डॉ. गजेंद्र हरिहरनो, महेश्वर दास साहू, लखनलाल साहू, रोशनलाल साहू, ग्वाला प्रसाद यादव, दिलीप श्रीवास्तव, सुषमा चंद्रवंशी, अलखराम यादव शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### लॉज के मैनेजर से मारपीट आरोपी गिरफ्तार

**खैरागढ़।** लॉज के मैनेजर को चाकू का भय दिखाकर पैसों की मांग करते गाली-गलौज एवं मारपीट करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 21 जून की शाम लगभग 3.45 बजे खैरागढ़ स्थित आदित्य लॉज में मैनेजर नितेश यादव उर्फ राजा यादव अपने काउंटर पर बैठा था। इसी दौरान तुक्कारापारा निवासी भोला उर्फ भोजराज पटेल एवं नया बस स्टैंड के पीछे निवासी बाउ उर्फ पवन चंद्राकर वहां पहुंचे और उससे पैसों की मांग करने लगे। पैसे नहीं देने पर दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते मारपीट प्रारंभ कर दी। घटना के दौरान आरोपी बाउ उर्फ पवन चंद्राकर ने अपने पास रखे चाकू को लहराकर भय उत्पन्न किया। जबकि भोला उर्फ भोजराज पटेल ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। दोनों आरोपियों ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते 22 जून को आरोपी बाउ उर्फ पवन चंद्राकर 21 वर्ष एवं भोला उर्फ भोजराज पटेल 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पवन चंद्राकर के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# गांव से लापता नाबालिग मिले, परिजनों को सौंपा

■ डोंगरगांव थाना क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव क्षेत्र से गुम हुई दो नाबालिगों की सूचना पर पुलिस ने पतासाजी करते खोजकर परिजनों को सौंपा। जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली है।

थाना डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम से 17 जून को दो नाबलिग युवतियां घर से बिना बताए कहीं चले जाने की सूचना पर थाना डोंगरगांव में धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

### रिश्तेदार के यहां गए थे

प्रकरण की गंभीरता को देखते पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना डोंगरगांव निरीक्षक अशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर गुम अपहृता की अभियान चलाकर पता तलाश किया गया। 20 जून को दोनों अपहृता को सकुशल दस्तयाब किया गया, जो अपने घर से अपने रिश्तेदारों के यहां घूमने जाना व अपने साथ किसी प्रकार का कोई घटना, अपराध नहीं होना बताए। प्रकरण की विवेचना जारी है।

## तीनों जिलों में सामान्य से कम बारिश ने बढ़ाई चिंता, अब राहत

# मानसून की बस्तर में दस्तक, 72 घंटे में पहुंचेगा अंचल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आखिरकार दस दिन की देरी के बाद मानसून ने अपनी दस्तक बस्तर में दे दी है। मौसम विभाग के अनुसार 22 जून को मानसून बस्तर के रास्ते प्रदेश में पहुंच चुका है। ऐसे में अब अगले 72 घंटे में मानसून आगे बढ़ते हुए जिले तक पहुंच सकता है। इधर सोमवार की शाम जिले में जमकर बारिश देखने को मिली।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने के बाद अब अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। जिससे यह उम्मीद जताई जा रही है कि अगले 48 से 72 घंटों के भीतर मानसून तेजी से आगे बढ़ेगा और राजनांदगांव समेत मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ के जिलों को भी पूरी तरह से कवर कर लेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम और कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की प्रबल संभावना है। खेती-किसानी के लिहाज से मानसून की यह टाइमिंग बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ज्ञात हो कि इस बार मानसून में देरी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी थी, लेकिन अब मानसून के सक्रिय होने से उनकी दिक्कतें भी दूर हो जाएगी। बताया गया कि किसानों को अपनी खेती के लिए अभी पानी की अधिक आवश्यकता है। ऐसे में अच्छी बारिश होने से पैदावार में मदद मिलेगी। ज्ञात हो कि जिले में अधिकांश रकबे में धान की खेती किसान कर रहे हैं।



### तीनों जिलों में अल्प वर्षा

सोमवार शाम हुई बारिश से पहले तक अविभाजित राजनांदगांव के तीनों जिलों में बारिश का आंकड़ा पिछड़ा हुआ था। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव जिले में 9 मिमी बारिश हुई थी, जो सामान्य से 89 फीसदी कम है। ऐसे ही मोहला-मानपुर-चौकी जिले में महज छह फीसदी यानी 5 मिमी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में सामान्य से 53 फीसदी कम 33 मिमी बारिश हुई थी।

### सामान्य से अधिक रहेगा मौसम

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भले ही मानसून ने अपनी दस्तक बस्तर में दे दी है, लेकिन अंचल में मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक रह सकता है। इसके चलते कुछ इलाकों में हीटवेव जैसी स्थिति बनने की भी आशंका जताई गई है। हालांकि कल 23 जून के आसपास दक्षिण-पश्चिम मानसून के राज्य के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई है।




संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • उच्च रक्तचाप, • ब्लड शुगर, • थायराइड • चलने पर सांस फूलना, • कंधों में जकड़न, • धड़कन का कम या ज्यादा होना • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### पीएम श्री स्कूल गंडई में 30 को आमसभा

**गंडई पंडरिया।** पीएम श्री स्व. लाल मूरत सिंह खुशरो अंग्रेजी- हिन्दी माध्यम विद्यालय में नवीन प्रबंधन समिति के गठन हेतु आमसभा का आयोजन 30 जून को किया गया है। शासन के निर्देशानुसार शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का पुनर्गठन किया जाना है। इस समिति का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। समिति गठन के लिए आगामी 30 जून को प्रातः 11 बजे विद्यालय परिसर में आमसभा रखी गई है। प्राचार्य ने पालकों, अभिभावकों तथा पूर्व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है। विद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि नवीन समिति में कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्यों का प्रतिनिधित्व होगा जिसे ध्यान में रखते हुए महिलाओं से उपस्थित होने की अपील की है।

### पांच छात्रों को हर माह मिलेगी छात्रवृत्ति



**सड़क अतरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला संडी की कक्षा आठवीं के छात्र त्रिलोक, यामिनी, लोमेंद्र ,वसु एवं डिंपल का चयन राष्ट्रीय साधन सह-छात्रवृति परीक्षा में हुआ है। पहले भी इस विद्यालय के छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय, प्रयास आवासीय विद्यालय एवं एनएमएमएसई में एक छात्र का चयन में हो चुका है। इस बार पांच छात्रों का चयन एनएमएमएसई में हुआ हुआ जिन्हे प्रति माह एक हजार छात्रवृति के रूप में मिलेंगे। चयनित छात्रों को बीईओ गिरेंद्र कुमार सुधाकर, प्रधानपाठक रामाधार देवांगन, संकुल समन्वयक प्यारेलाल साहू, शिक्षक उज्वल नामदेव, दोदेश्वर चंदेल, उत्तरा साहू, जनपद सभापति डोमारसिंह भेड़िया, ज्योति जंघेल, सरपंच कैलाश वर्मा, प्रकाश वर्मा, रामेश्वर आदि ने बधाई दिया है।

### पंडरिया में स्वच्छता अभियान

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत पंडरिया में शनिवार को स्वच्छता



अभियान चलाकर सरकारी भवन, स्कूल, सडक, गली, मोहल्ला की सफाई किया गया। ग्रामीणों को घर, मोहल्ला को स्वच्छ रखने प्रेरित किया गया। इस अभियान में जनपद सीईओ केश्वरी देवांगन, जनपद सभापति ज्योति जंघेल, मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, भीखू हिरवानी, युवा मोर्चा अध्यक्ष बालकृष्ण जंघेल, सुरेश पटेल, जानकी जंघेल, तामेश्वर जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, शिवांगी सहित अन्य शामिल हुए।

### खैरबना में कबीर प्रकट उत्सव

**सड़क अतरिया।** खैरबना में रविवार को संत श्री कबीर साहब का प्रगट



उत्सव उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भव्य यात्रा निकाला तथा पूजा अर्चना एवं सत्संग का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार शामिल हुए। उन्होंने कबीर के चित्र एवं संतों की पूजा अर्चना किया। इस मौके पर विक्रांत सिंह ने कहा कि संत कबीर हमें जीवन सादगी पूर्ण जीने का संदेश देते है। उनके विचार एवं बताए राह पर चल कर हम जीवन को सुखमय बना सकते हैं। कार्यक्रम में टीके चंदेल, आनंद सिन्हा, मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, खेलन वर्मा, लीला साहू, जनपद सदस्य डोमारसिंह भेड़िया, डॉ. डेरालाल मसखर, रामप्रसाद मेरवी, जयप्रकाश मसखरे, सुरेश पटेल, प्रकाश साहू आदि मौजूद थे।

### हीना 81 फीसदी अंक के साथ सफल

**साल्हेवारा।** ग्राम की हीना रजक ने दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव से



एमएससी प्राणी विज्ञान की परीक्षा में शामिल होकर 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से ग्राम एवं रजक समाज में हर्ष का वातावरण है। हीना बचपन से ही पढ़ाई, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रही हैं। उसे दिलीप शुक्ला, ललित सोनी, बहादुरसिंह खुशरो, निजामसिंह मंडावी, नरेन्द्र पटले, गिरधारी वर्मा, जगदीश पंचकपाट, नेमबाई निर्मलकर, डॉ. अखिलेश यादव, धनीराम डड़सेना आदि ने बधाई दी है।

### बच्चों का कराया मुंह मीठा

**बांधाबाजार।** जोशीलमती की प्राथमिक, माध्यमिक शाला में शाला



प्रबंधन समिति एवं पालकों कि उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए मुंह मीठा कराया गया। बच्चों को पुस्तकें दिया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक दुर्जनलाल चन्द्रवंशी, अर्जुनसिंह, अश्वनी सिन्हा, पुलेन्द्र सिन्हा, गुमान सिंह, दुर्गाबाई, सुशीलाबाई, भुनेश्वरी, हेमनबाई, कमला चन्द्रवंशी, धनेश्वरी, तिलोकाबाई, बिसोबाई, जामुनबाई, प्रभारी प्रधान पाठक आनंद चंद्रवंशी, राजीव टेमरे, शैलेन्द्र शर्मा, कीरत गणवीर, सुधा गजभिये, साधना रामटेके, डिलेश्वरी पिथौरा आदि उपस्थित थे।

### गणवेश और किताबों का वितरण

**बांधाबाजार।** पूर्व माध्यमिक शाला ब्राह्मणभेड़ी, प्राथमिक शाला तेलीटोला एवं कोटरा में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य



अतिथि खंड स्रोत समन्वयक संतोष पांडे थे। इस अवसर पर बीईओ एसके धीवर और प्राचार्य सुनीता चौधरी ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया। शासन की योजना के तहत गणवेश और पुस्तकें वितरित की गईं। संचालन अशोक साहू ने किया। इस दौरान दुलेश्वर साहू, कपिलनाथ जोशी, कैलाश कश्यप, पूनम सोनवानी, चित्रानी भुआर्य, रेखा साहू, प्रवीण साहू, मोनी साहू, धनराज उईके, बोधराम भुरिया, गिरधर यादव, चैनसिंह साहू, नारायण उईके, ललित तिवारी, अहिल्याबाई, रामशिलाबाई, कुलेश्वरी साहू सहित ग्रामवासी मौजूद थे। प्राथमिक शाला तेलीटोला एवं कोटरा में प्रधानपाठक बंशीलाल साहू, राजलक्ष्मी साहू, पारस सिन्हा, सविता के मार्गदर्शन में प्रवेश उत्सव मनाया गया।

## प्लास्टिक कचरा बर्बाद कर रहा खेतों को

# शराबखोरी से खतरे में किसानों की जमीन, फैल रहा प्रदूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शराबखोरी की लत अब किसानों को भी भारी पड़ने लगी है। लोग अपना शौक पूरा करने के बाद शराब दुकान के आसपास बड़ी मात्रा में अपशिष्ट छोड़ रहे हैं जो खेतों को बर्बाद कर रहे हैं। किसानों की इस परेशानी की ओर आबकारी सहित स्थानीय प्रशासन का ध्यान नहीं है जिसके परिणाम जमीन बंजर होने की स्थिति होने की स्थिति आने लगी है।

अर्जुनी की शराब दुकान निकटवर्ती सिंगापुर खार तो शहर की देशी और विदेशी शराब दुकान करियाटोला में चल रही है। इन दुकानों के आसपास बड़ी संख्या में चखना सेंटर भी चल रहे है। इन सेंटरों में पैकेट बंद खाद्य सामग्री के अलावा पानी पाउच, डिस्पोजल गिलास आदि का विक्रय किया जाता है। शराबी अपना शौक पूरा करने के बाद जमीन, हवा और खेतों को बर्बाद करने वाले सामान छोड़ कर जा रहे हैं। अर्जुनी और शहर की शराब दुकान के आसपास फैलने वाला अपशिष्ट किसानों के लिए मुसीबत बनते जा रहा है। सिंगारपुर चौक से शराब दुकान तथा मोहड़ चौक से शराब दुकान तक मुर्गियों के अवशेष और प्लास्टिक कचरा लापरवाही पूर्वक फेंका जा रहा है जो हवा और बारिश के पानी के साथ आसपास के खेतों में जा रहा है जिससे खेतों तो बर्बाद हो रहे हैं साथ ही पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। नष्ट नहीं होने वाले प्लास्टिक कचरे से खेतों की उर्वरा क्षमता भी खत्म हो रही है।

## चखना सेंटरों से कचरा संग्रहण नहीं



### नहर में कचरे का भंडारण

मोहड़ से करियाटोला खार के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए बनी नहर में शराबियों के अलावा चखना सेंटर संचालक अपशिष्ट डाल रहे है जो बहकर सीधे खेतों में चला जाएगा। नहर में डाले जा रहे कचरे पर अंकुश नहीं लगाया गया तो किसानों के खेत पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे।

### हवा- जमीन प्रदूषित

शराब दुकान के आसपास फैल रही गंदगी से हवा और जमीन लगातार दूषित हो रही है। किसानों की परेशानी और प्रदूषण के लगातार बढ़ने के बाद भी आबकारी सहित अन्य विभाग इस मामले को लेकर बेपरवाह बने हुए है। किसानों के शिकायत करने पर भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

### नियम का पालन नहीं

जानकारी के अनुसार भारतीय दंड संहिता की धारा 268, 277 और 425 में स्पष्ट प्रावधान है कि सार्वजनिक जल स्रोतों या भूमि को नुकसान पहुंचाया जाता है तो दंडात्मक कार्रवाई और जुर्माना हो सकता है। स्पष्ट प्रावधान होने के बाद भी कार्रवाई करने के बजाए अफसर मूक दर्शक बनकर खेतों को बर्बाद होते देख रहे हैं।

## मेढ़ा सोसायटी में कम मिला 28 लाख का धान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

- कांग्रेस नेताओं और ग्रामीणों ने उठाया जांच की मांग

मेढ़ा धान खरीदी केंद्र में बड़ी गड़बड़ी की शिकायत मिली है। किसानों ने एसडीएम से शिकायत कर लगभग 904 क्विंटल धान की कमी के मामले की जांच कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

जिला इंका महामंत्री विजयराज सिंह, नरेश उइके, हृदय मंडावी, प्रीति वैष्णव, मदन सिन्हा, अश्वनी खरे, देवलाल, ओमप्रकाश मंडावी, दशरथ सिंह सहित अन्य में अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2025-26 में मेढ़ा धान खरीदी केंद्र में 96258 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया था। अभिलेखों के अनुसार धान का उठाव 99.06 प्रतिशत दर्ज है। लगभग 904 क्विंटल धान कम पाया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 28 लाख 2 हजार 400 रुपए है।

### खरीदी प्रक्रिया पर सवाल

शिकायत में बताया गया कि धान खरीदी के दौरान किसानों से प्रति कट्टा 40 किलो धान खरीदा गया, वहीं अतिरिक्त धान भी लिया गया था जिसके आधार पर खरीदी केंद्र में अतिरिक्त स्टॉक होना चाहिए था, लेकिन धान की कमी होना होना संदेहास्पद है। खरीदी अवधि के दौरान प्राकृतिक आपदा, आगजनी, बारिश जैसी कोई घटना नहीं हुई है जिससे धान को नुकसान पहुंचा हो। धान खरीदी एवं उठाव की प्रक्रिया अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया है। धान के सुरक्षित भंडारण के लिए आवश्यक संसाधन होने के बाद भी बड़ी मात्रा में धान की कमी होना गंभीर विषय है। उन्होंने मामले की विस्तृत जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।

## युवाचार्य ने स्कूलों में कराया योग



**चिचोला।** योग दिवस के मौके पर आनंद विहार पनियाजोब में प्रशिक्षित युवाचार्यो ने 7 स्कूलों में योगाभ्यास कराया। स्कूलों में योग का महत्व बताया गया। जानकारी के अनुसार युवाचार्यों में पूर्व माध्यमिक विद्यालय ठाकुरटोला, अंडी, पनियाजोब, बरनाला कला, चिद्दों, बोदेला एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेंदरी में योग सिखाया। इस कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक गुलाब देशमुख, संजीव वशिष्ठ, सत्यदेव साहू के मार्गदर्शन में चुनिका साहू, विनय साहू, नितेश साहू, भूपेंद्र साहू, पूर्णिमा साहू, नंदनी साहू, नेहा साहू, सागर सोनकर, मीनाक्षी साहू, गोपिका साहू, डोमेश्वरी साहू, सोना ठाकुर, रूपेश वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, शिवम यादव, कनकलता यादव, चेतना यादव, तनुश्री वर्मा, अन्नू वर्मा, नम्रता देवांगन, दिशा देवांगन, मोनिका वर्मा, लालिमा वर्मा, शोभा यादव, महेंद्र वर्मा, लखन वर्मा, दाक्षी लिल्हारे, हिमानी साहू, गीतेश्वर श्रीवास, विवेक साहू ने सेवा दी। इसी क्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय एवं जेल में वरिष्ठ शिक्षक संजीव वशिष्ठ, सत्यदेव साहू ने योग का महत्व बताते हुए योगाभ्यास कराया।

### बच्चों और बुजुर्गों ने किया योगाभ्यास



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को उत्साह के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद ने वृक्षासन, वज्रासन, ताड़ासन, हलासन, धनुरासन, पद हस्त आसान, भ्रामरी, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम आदि का अभ्यास कराया। विद्यार्थियों एवं आचार्य, दीदियों ने पूर्ण मनोयोग से योगाभ्यास किया। आचार्य डीकेश साहू ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रकाश गिरधर, राजेश उजवने, रमेश यादव, गणेश साहू, सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, प्रदीप सिन्हा, डीकेश साहू, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, प्रिया भारती, अमिता जैन आदि मौजूद थे।

## एक शिक्षिका के भरोसे स्कूल और बालवाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

- प्रसाधन एवं किचन शेड की मांग अधूरी



खैरा नवापारा पंचायत के आश्रित ग्राम बेलगांव की प्राथमिक शाला में कुछ साल से शिक्षक, किचन शेड की समस्या बनी है।

इस विद्यालय में लगभग तीन दर्जन छात्र है साथ ही बालवाड़ी में भी बच्चे पढ़ने आते हैं। यहां केवल एक शिक्षिका नियुक्त हैं जो प्राथमिक शाला की पांच कक्षा के छात्रो को पढाने के अलावा बालवाड़ी के बच्चों को संभालती है। एक शिक्षिका पुरा स्कूल को कैसे संभाल रही होगी इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। ग्राम के लिखन जंघेल ने बताया कि ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधि कई दफा शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग कर चुके हैं पर अब तक शिक्षक की नियुक्ति नहीं हो सकी है। स्कूल की शिक्षिका के विभागीय बैठक, प्रशिक्षण या अन्य कार्य में शामिल होने से छात्रों की पढ़ाई चौपट हो जाती है।

### प्रसाधन एवं किचन शेड की समस्या

विद्यालय में छात्रों के लिए प्रसाधन की सुविधा नहीं है। पूर्व में बनाया गया प्रसाधन जर्जर हो गया है जिसका अब उपयोग नहीं किया जाता है। पंचायत द्वारा एक छोटे से हिस्सा में वैकल्पिक प्रसाधन का निर्माण किया जा रहा है परन्तु यहां बालक बालिकाओं को एक साथ सुविधा मुहैया कराना परेशानी का कारण बन सकता है। वहीं दूसरी ओर शाला में किचन शेड भी नहीं है। प्रधान पाठक के कक्ष को किचन शेड के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इसी भवन में डाक घर भी संचालित होता है। ग्राम के पूर्व सरपंच शारदा जंघेल, गोरेलाल जंघेल, राकेश जंघेल सहित पालकों ने विभाग से विद्यालय में व्याप्त समस्या को दूर करने की मांग की है।

### लोगों ने की सीसी रोड निर्माण की मांग



**डोंगरगढ़।** कुंभकार भवन में वार्डवासियों ने पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जसमीत सिंह बन्नोआना, विनय बंसल, आकाश राजपूत, शुभम अग्रवाल, पार्षद शारदा यादव से मुलाकात कर सीसी रोड निर्माण कराने की मांग की है। पालिका अध्यक्ष उन्हें शीघ्र सीसी रोड बनवाने का आश्वासन दिया है।

### योग में शामिल हुए विधायक कोर्सेवाड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मानपुर के मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगा फॉर हेल्दी एजिंग की थीम पर आधारित सामूहिक योगाभ्यास में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डोमन लाल कोर्सेवाड़ा शामिल हुए। इस मौके पर श्री कोर्सेवाड़ा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा है, जिसका अनुसरण संपूर्ण विश्व कर रहा है। यह मानव जीवन को स्वस्थ एवं निरोगी रखने की उत्कृष्ट क्रिया है। इस अवसर पौध रोपण किया गया। योग ट्रेनर अभिषेक श्रीवास्तव ने ग्रीवा चालन, हस्तचालन, कटिचालन, ताड़ासन, वृक्षासन सहित अन्य का अभ्यास कराया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रतासिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेशशाह मंडावी, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, सीईओ जिला पंचायत भारती चंद्राकर, जीआर मरकाम, मदन साहू सहित अन्य ने भी योगाभ्यास किया।

## केन्द्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर हुए आयोजन

# योजनाओं को पहुंचाएं आम लोगों तक: ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़





मंडल भाजपा लाल बहादुर नगर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे के नेतृत्व में किया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता मंडल प्रभारी एमडी ठाकुर थे। कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, सदस्य अनीता मंडावी, देवेंद्र यदु, पुष्पा सिन्हा, घनश्याम यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, हेमलाल वर्मा सहित अन्य शामिल हुए। इस मौके पर श्री ठाकुर ने पिछले 12 वर्षों में हुए विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में स्थापित आयाम की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि किरण साहू ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने तथा केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आग्रह किया। इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत नगर पंचायत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया।

### विशेष स्वच्छता अभियान

मंडल भाजपा एवं नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान के तहत बस स्टैंड एवं नगर पंचायत परिसर की सफाई किया गया। अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा सिन्हा, नपं उपाध्यक्ष छबिधर साहू, शेखर महाराज सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल हुए।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर की संदिग्ध मौत

**डोंगरगढ़।** शहर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर अक्षय ब्राह्मणकर की संदिग्ध मौत होने की खबर से पूरा शहर स्तब्ध रह गया। अक्षय सॉफ्टवेयर इंजीनियर होने के साथ अपने सहज व्यवहार के कारण शहर में मशहूर थे।

खेल, सामाजिक आयोजन में काफी सहयोग देते रहे हैं। रविवार की शाम उनके निधन की खबर से पूरा शहर हिल गया। जानकारी अनुसार शाम को जब परिजन उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया तो उसने कोई जवाब नहीं दिया गया। परिजन जैसे तैसे कमरे के अंदर पहुंचे तो अक्षय बेसुध हालत में मिला। परिजन आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए किन्तु तब तक काफी देर हो चुकी थी। ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अक्षय की मौत की खबर शहर में फैलने के बाद सभी अस्पताल पहुंचते रहे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण का खुलासा हो सकता है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### तालाब की सफाई

**डोंगरगढ़।** वार्ड 23 के पार्षद सुमित ताम्रकार तालाब की सफाई करा रहे हैं। इस कार्य में वार्डवासी भी सहयोग दे रहे हैं। तालाब को सुंदर बनाने के लिए पार्षद सुमित ताम्रकार हमेशा प्रयासरत रहे है।

### पंडरिया में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत पंडरिया में शनिवार को स्वक्षता अभियान चलाया गया। सरकारी भवन, स्कूल, सडक, गली, मोहल्ला में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। ग्रामीणों को अपने घर, मोहल्ला को स्वच्छ रखने प्रेरित किया। स्वच्छता का लाभ एवं कुड़ा कचरा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में समझाया गया। अभियान के तहत लोगों को बताया गया कि बरसात में जगह जगह बरसाती पानी जाम रहने से कुडा कचरा सड कर बीमारी फैलाता है। कचरों का उचित तरीके से निस्तारी करण आवश्यक है तथा बीमारी के रोक थाम के लिए स्वछता जरूरी है। ग्रामीणों ने अपने घर, मोहल्ला और गांव को स्वच्छ रखने का संकलप लिया। इस अभियान में छुईखदान मुख्य कार्य पालन अधिकारी केश्वरी देवांगन, जनपद सभापति ज्योति जंघेल, मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, महामंत्री भिखू हिरवानी, युवा मोर्चा अध्यक्ष बालकृष्ण जघेल, सुरेश पटेल, जानकी जंघेल, तामेश्वर जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, शिवांगी सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण सामिल हुए।

---

हादसों को दे रहे निमंत्रण, विभाग की अनदेखी से उपजी नाराजगी

# वन विभाग के वॉच टावर हुए जर्जर

## असामाजिक तत्वों ने जमकर नुकसान पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

वन विभाग द्वारा पर्यटन और सुरक्षा के दृष्टिकोण से निर्मित वाच टावर रख-रखाव के अभाव और असामाजिक तत्वों की सक्रियता के चलते जर्जर होकर हादसों का सबब बनते जा रहे हैं। सुरक्षा घेरे और ऊपर जाने वाली सीढ़ियों के क्षतिग्रस्त होने से किसी भी समय बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2008-09 में केंद्र प्रवर्तित योजना के तहत मोहगांव के कक्ष क्रमांक 8/93 में वाच टावर का निर्माण किया गया था, जिसकी लागत 3 लाख रुपये थी। वहीं, 2009-10 में पैलीमेटा वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1/16 अंतर्गत डोगेश्वर महादेव मंदिर के पास में भी 3 लाख 30 हजार रुपये की लागत से वाच टावर बनाया गया था। उस समय इन वाच टावरों का मुख्य उद्देश्य वनों की सुरक्षा और निगरानी के साथ-साथ प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करना था। डोगेश्वर महादेव के पास स्थित वाच टावर से श्रद्धालु और पर्यटक दूर-दूर तक प्राकृतिक छटा का आनंद लेते थे, तो वहीं मोहगांव में पहाड़ी के ऊपर बना टावर जंगल, पहाड़ियों और हरियाली को देखने का प्रमुख केंद्र था।

इन टावरों के माध्यम से विभाग को वनों की सुरक्षा और निगरानी में भी काफी मदद मिलती थी। ऊंचाई से पूरे क्षेत्र पर नजर रखी जा सकती थी, जिससे आगजनी की घटनाओं की समय पर जानकारी और अवैध कटाई पर नियंत्रण संभव था, लेकिन वर्तमान में असामाजिक तत्वों ने इन्हें जमकर नुकसान पहुंचाया है। सीढ़ियों और सुरक्षा रेलिंग को तोड़ने के कारण ऊपर जाना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है।





### विभाग को ध्यान देना चाहिए

डोगेश्वर महादेव सेवा समिति जंगलपुर के अध्यक्ष शिव कुमार पटेल एवं सचिव माखन जंघेल ने बताया कि हर दिन दर्जनों की संख्या में लोग महादेव का दर्शन करने आते है। साथ ही प्रकृति से जुड़ने वाच टावर का उपयोग करते है, परंतु वाच टावर जर्जर हो चुका है जिसके कारण बड़ी दुर्घटना की आशंका रहती है। वाच टावर की मरम्मत करवाना नितांत आवश्यक है विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

### प्रस्ताव भेजा जाएगा

दोनों वॉच टावर जर्जर हो रहा है मरम्मत के लिए प्रस्ताव बना कर भेजा जाएगा। बजट स्वीकृत होने के बाद मरम्मत सुधार कार्य करवाया जाएगा।

- **अमृत लाल खुटे,** एसडीओ

### जीर्णोद्धार की मांग

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इन वाच टावरों की मरम्मत नहीं कराई गई, तो ये पूरी तरह धराशायी हो सकते हैं। एक ओर जहां लाखों रुपये की सरकारी संपत्ति नष्ट हो रही है, वहीं दूसरी ओर यहां आने वाले प्रकृति प्रेमी किसी बड़ी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। स्थानीय लोगों ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इन टावरों का जीर्णोद्धार किया जाए ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ वनों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

---

# प्रधानमंत्री सड़क का हाल बेहाल, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



- ग्रामीणों ने की विभाग से मरम्मत की मांग

चकनार से दौजरी के मध्य लगभग ढाई किलोमीटर की बनी प्रधानमंत्री सड़क का इन दिनों हाल बेहाल है। बारिश शुरू होते ही इस मार्ग में राहगीरों की समस्या काफी बढ़ गई है। आगे मिली जानकारी अनुसार इस ढाई किलोमीटर सड़क का निर्माण एक दशक पहले कराया गया था। निर्माण के बाद सड़क के रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। नतीजन यह सड़क अब पूरी तरह से उखड़ चुकी है। जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे है। जिस पर बरसाती पानी जाम हो जाता है। यह मार्ग गंड़ई से पैलीमेटा, साल्हेवारा मार्ग को जोड़ता है तथा दूरी भी कम पड़ती है। इन दिनों बरसात के साथ इस मार्ग की समस्या मुंह खोले खड़ी है।

### प्रयास किया जा रहा

सरकार ग्रामीणों को मूलभुत सुविधा प्राथमिकता के साथ उपलब्ध करा रही है। योजना के तहत विभाग द्वारा इस सड़क का शीघ्र मरम्मत कराने का प्रयास किया जा रहा है।

- **प्रियंका खम्भन ताम्रकार**
जिला पंचायत अध्यक्ष

### स्कूली बच्चों को होती है परेशानी

चकनार पंचायत के सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने बताया कि मार्ग कई साल से जर्जर है। विभाग को कई बार इसके मरम्मत के लिए आवेदन दिया गया है, लेकिन अब तक सड़क की हालत और बत्तर होते जा रही है। इस मार्ग में मिडिल स्कूल, गौशाला तथा चकनार का एक घनी अबादी भी निवास करती है। बरसात के समय स्कूली बच्चों को इस मार्ग में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क के गड्ढों में पानी भरे होने से छात्रों को पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने विभाग से सड़क मरम्मत की मांग किया है।

---

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर वृद्धाश्रम में कांग्रेसियों ने बांटी राशन सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- वृद्धा आश्रम के बुजुर्गों का जाना हाल चाल

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दाऊ चौरा वार्ड स्थित वृद्धाश्रम मे निवासरत बुजुर्गों का हालचाल जानकर राशन सामग्री भेंट की गई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमलदास साहू ने कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिन को सेवा और जनकल्याण के रूप में मनाते हुए कांग्रेस परिवार द्वारा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के बीच पहुंचकर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए राशन सामग्री प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान और उनकी सेवा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और स्वस्थ व सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर रामकुमार पटेल, सुशीलकांत पांडेय, आरती महोबिया, आकाशदीप सिंह गोल्डी, जितेंद्र सिंह गौर, रिंकू गुप्ता, राजा सोलंकी, दिलीप शर्मा, सुरेंद्र सिंह सोलंकी, मनोज बैद रिंकू महोबिया सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

---

# 20 हजार जेनेटिक पीवीसी कार्ड बंटेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिले को मिले 20 हजार सिकल सेल जेनेटिक पीवीसी कार्डों को क्षेत्र में वितरण के लिए रवाना किया गया। वही सिकल सेल के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने प्रचार-प्रसार सामग्री का विमोचन भी किया गया। जिपं के स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन व स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्थायी समिति सभापति अरुणा राजू सिंह बनाफर, जिपं सदस्य भुनेश्वरी जीवन देवांगन और दिनेश वर्मा की उपस्थिति मे आयोजित बैठक में जानकारी दी गई कि कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल व जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन तहत विभिन्न गतिविधियों का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। आगामी वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए समिति ने स्वच्छ पेयजल उपलब्धता, डायरिया व सर्पदंश से बचाव संबंधी जनजागरूकता, प्रचार-प्रसार तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित विभागों को दिया और सभी विभागो को समन्वित रूप से कार्य करने कहा। बैठक में पेयजल स्त्रोतों के संधारण, जल गुणवत्ता परीक्षण, जल शुद्धिकरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही बीते सालो में डायरिया प्रभावित ग्रामों में विशेष निगरानी रखने के अलावा आवश्यक औषधियों व जीवनरक्षक दवाओं का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने कहा।

### एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता पर जोर

बैठक मे सर्पदंश की घटनाओं की रोकथाम, समय पर उपचार के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित करने, एंटी-स्नेक वेनम सहित आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। आयुष विभाग को समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों को और प्रभावी बनाने कहा गया। बैठक में सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा, पीएचई कार्यपालन अभियंता प्रदीप खलखो, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता बीरेंद्र कुमार मरकाम, डीपीएम सोनल ध्रुव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण डॉ. श्रुति जैन, खिलेश साहू, सतीश यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# उदयपुर में मनाया गया योग दिवस





**छुईखदान।** उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर में 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा उपस्थित रहे। उन्होंने योगाभ्यास में सहभागिता करते हुए उपस्थित जनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि योग हमें स्वस्थ तन, शांत मन और संतुलित जीवनशैली की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन सुबह योग करने की अपील किया। कार्यक्रम में प्राचार्य संजय कुमार वर्मा, अशोक मिश्रा, सीआर साहू, एमएल जंघेल, श्रीमती विजय रानी थवाईत, चंद्रकांत साहू, सत्यप्रकाश मिलकर, भूपेन्द्र कुमार मिश्रा, अनुराधा सिंह, रेणु चौबे, झामेश्वरी ठाकुर, राजवन्तिन साहू, सौरभ श्रीवास्तव एवं टोमिन वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों ने योग को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

**डोंगरगढ़।** योग दिवस के मौके पर छिरपानी शेड में सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, योद्धा अकादमी, फिजिकल अकादमी के बच्चों, पार्षद, एसडीएम, सीएमओ, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, डा आलोक कल्चुरी, शशिकांत द्विवेदी, तरुण हथेल, लक्ष्मी यादव, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे आदि ने योग में हिस्सा लिया। योगाचार्य डीसी ऐडे, हेमंत साहू, हीरालाल मौर्य, रजनी भाटिया ने योगाभ्यास कराया।

---

# पीएम के 12 सालों के कार्यकाल पर आधारित फोटो प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल पूरा होने पर जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों ने अवलोकन किया।

प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों व आत्मनिर्भर भारत अभियान की उपलब्धियों को आकर्षक फोटो पैनलों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। वही कृषि, अधोसंरचना, रक्षा, डिजिटल इंडिया, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, महिला सशक्तिकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, निशुल्क खाद्यान्न वितरण, सांस्कृतिक विरासत संरक्षण सहित युवा सशक्तिकरण से संबंधित उपलब्धियों को प्रमुखता से दर्शाया गया है।



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ई-नाम प्लेटफॉर्म, लखपति दीदी अभियान तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान की जानकारी भी प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन तक पहुंचाई जा रही है। अवलोकन उपरांत जिपं अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है, जिससे गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं का सशक्तिकरण सुनिश्चित हुआ है।

### राष्ट्र निर्माण को मिली नई दिशा

भारत स्काउट्स व गाइड्स के जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह ने कहा कि पिछले 12 सालो में सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना को नई दिशा मिली है। युवाओं में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। यह प्रदर्शनी नई पीढ़ी को देश की विकास यात्रा से परिचित कराने का एक प्रभावी माध्यम है। सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर एक सशक्त और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभरा है। अधोसंरचना, डिजिटल तकनीक, रक्षा उत्पादन और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में हुए कार्यों ने देश को नई पहचान दिलाई है। उन्होंने नागरिकों से प्रदर्शनी का अवलोकन कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त करने का आग्रह किया। प्रदर्शनी मे अधोसंरचना विकास के अंतर्गत चिनाब रेलवे ब्रिज, अटल सेतु, राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार तथा वंदे भारत ट्रेनों जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को भी प्रदर्शित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से विभिन्न योजनाओं व उपलब्धियों से संबंधित वीडियो का प्रदर्शन किया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग द्वारा आगंतुकों को जनमन पत्रिका व सुशासन विषयक प्रकाशनों का वितरण भी किया जा रहा है। इस दौरान जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, गोरेलाल वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

---

ग्रामवासियों और विद्यार्थियों ने दी समारोह में विदाई

# कुटेलीखुर्द के प्रधानपाठक जंघेल सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ग्राम पंचायत कुरेलीकला एवं कुटेलीखुर्द में शुक्रवार का दिन भावुक भरा रहा। शिक्षा जगत में लगभग 38 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले प्रधान पाठक बाबूलाल जंघेल के सेवानिवृत्त होने पर पूर्व माध्यमिक शाला कुटेलीखुर्द में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल रहे। समारोह के दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने बाबूलाल जंघेल के प्रति सम्मान व्यक्त किया। विदाई के भावुक माहौल में कई लोगों की आंखें नम हो गईं।



### शिक्षा के पर्याय थे जंघेल

अपने संबोधन में कोमल जंघेल ने कहा कि बाबूलाल जंघेल ने समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ हजारों छात्र-छात्राओं का भविष्य संवारा है। उन्होंने कहा कि वह एक शिक्षक नहीं, बल्कि शिक्षा के पर्याय थे। उनकी मेहनत और लगन ने क्षेत्र में शिक्षा की मजबूत नींव रखी तथा कुरेलीकला एवं आसपास के गांवों को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई।

### 38 वर्षों तक दी सेवा

विदाई अवसर पर बाबूलाल जंघेल ने अपने शैक्षणिक जीवन को याद करते हुए कहा कि उन्होंने 38 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया। उनकी पहली नियुक्ति त्रिपुर में हुई थी, जिसके बाद उन्होंने छुईखदान, गभरा, घिरघोली, बेलगांव, भारदागोंड़, नवागांव सहित विभिन्न विद्यालयों में सेवाएं दीं। अंततः अपने गृह क्षेत्र कुटेलीखुर्द से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने कहा मैंने अपने पूरे सेवा काल में पढ़ाई और विद्यार्थियों के भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। शिक्षा के प्रति कभी समझौता नहीं किया। विद्यालय परिवार ने भी उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा विद्यार्थियों के विकास को प्राथमिकता दी। अंत में बाबूलाल जंघेल को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र भेंट किया गया। इस अवसर पर पुत्र डॉ. दुष्यंत जंघेल, कुलेश्वर जंघेल, लोकेश ठाकुर, शिवेंद्र त्रिपाठी, प्रकाश बघेल, दिनेश महोबिया, सुनीता गुप्ता, अश्वनी साहू, रूखमणि जांगड़े, कोमल यादव, मनीष वर्मा, नवनिहाल करचाल, प्रमोद यादव, तीरथ जंघेल, शिवनारायण धनकर, केशव वर्मा, डाकेश्वर वर्मा, रवि वर्मा, संतोष श्रीवास, पदमिनी चंदेल, मनीराम जंघेल, आशाराम पटेल, द्वारका जंघेल, संतराम जंघेल, सरपंच कल्याणी जंघेल तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

# विजेताओं को शुभम ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान क्षेत्र की ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर में पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता को ग्राम सरपंच, पंचगण एवं ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से संपन्न कराया गया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में सर्व जिला युवा कुर्मी समाज खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के जिला अध्यक्ष शुभम चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कबड्डी अत्यंत लोकप्रिय खेल है, जो युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास प्रदान करता है। उन्होंने पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सरपंच, ग्रामवासियों एवं सभी सहयोगकर्ताओं को बधाई दी।



### कई टीमों ने लिया भाग

दो दिनों तक चले इस आयोजन में क्षेत्र की अनेक टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खैरागढ़ और बिजलदेही की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में खैरागढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिजलदेही को पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच ममता चंद्राकर ने की। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक शरद चंद्राकर, पंचगण, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### नीरज पब्लिक स्कूल में कार्यशाला आयोजित



**राजनांदगांव।** तकनीकी प्रगति के युग में शिक्षा को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले की प्रतिष्ठित संस्था नीरज पब्लिक स्कूल में मोरल एजुकेशन की कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता लेखिका रूपाली गांधी ने शिक्षण पद्धति को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों को कक्षा प्रबंधन, नैतिक मूल्य और बच्चों को चरित्रवान, श्रेष्ठ और संस्कारवान बनाने बहुत से प्रभावकारी और रोचक सूत्र बताएं। उन्होंने नई शिक्षा नीति पर भी शिक्षकों का ध्यान आकृष्ट करते बताया कि विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्य भी दिए जाए, केवल किताबी ज्ञान व्यक्ति को सफल बना सकता है, किन्तु नैतिकता और संस्कार विद्यार्थी को श्रेष्ठ बनाते हैं। पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के सूत्रों पर आधारित शिक्षा और विद्या में अंतर व उसका महत्व बताया। उन्होंने बताया कि समय की मांग को देखते हमें विद्यार्थियों में संस्कारों की जड़ों को और अधिक मजबूत करना पड़ेगा। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों के बीच समूह चर्चा, प्रेरक गतिविधियां, प्रश्नोत्तरी और विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर शिक्षकों के ग्रुप की प्रस्तुतियां की गई। जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों में विभिन्न कौशल के विकास के लिए उनके समूह बनाकर के उनसे एक्टिविटीज कराई गई। इन एक्टिविटी में निर्णायक की भूमिका में प्राचार्य भारती व गायत्री विद्यापीठ की ओमवती सिंह रही। रूपाली गांधी ने शिक्षकों को उनके पद की गरिमा का बोध कराते बच्चों को छोटे-छोटे जीवन मूल्यों के सूत्रों के बारे में बताया और कहा कि अपनी क्लास में 5 मिनट का समय निकाल कर छोटी कहानियों द्वारा बच्चों को सिखाये। नीरज पब्लिक स्कूल की प्राचार्य भारती ने शिक्षकों को उनकी जिम्मेदारियां का बोध कराते प्रभावी शिक्षण और उत्कृष्ट कक्षा प्रबंधन के समन्वय पर प्रभावकारी उद्बोधन दिया।

### बारिश भी नहीं रोक सकी ग्रामीणों का आक्रोश

# फुलझर सहित 4 गांव के किसानों महिलाओं ने निकाली ट्रैक्टर रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फुलझर क्षेत्र के किसानों, युवाओं और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए आज फुलझर सहित आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों ने न्यू लुक बायो फ्यूल के खिलाफ ऐतिहासिक ट्रैक्टर रैली और विशाल प्रदर्शन किया। लगातार हो रही बारिश के बावजूद ग्रामीणों का उत्साह और आक्रोश कम नहीं हुआ। ट्रैक्टर रैली निकालते हुए क्षेत्र का भ्रमण कर और न्यू लुक बायो फ्यूल कंपनी के सामने पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया।

निखिल द्विवेदी ने कहा कि आज की यह ट्रैक्टर रैली और घेराव केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि ग्रामीणों के अधिकारों, स्वास्थ्य और सम्मान की लड़ाई है। भारी बारिश के बावजूद जिस तरह किसान, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सड़कों पर उतरे हैं, वह इस बात का प्रमाण है कि जनता अब



अपने हक के लिए संघर्ष करने को तैयार है। कंपनी और प्रशासन को ग्रामीणों की चिंता को गंभीरता से लेना होगा। यदि 15 दिनों के भीतर समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो इससे भी बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा और कंपनी का व्यापक घेराव किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और कंपनी प्रबंधन की होगी।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि कंपनी के संचालन, एनओसी और अन्य अनुमतियों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा प्रभावित गांव के लोगों की शिकायतों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीणों ने यह भी स्पष्ट किया कि जल, जंगल, जमीन, किसानों के अधिकार और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा के लिए उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

#### आजीविका का संकट

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने कहा कि कंपनी द्वारा कथित रूप से फर्जी एनओसी के आधार पर संचालन किया जा रहा है तथा स्थानीय जनता की सहमति और जनसुनवाई जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की अनदेखी की गई है। कंपनी के संचालन से आसपास के गांवों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही है, पर्यावरण प्रभावित हो रहा है और किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो रहा है। बारिश में घंटों तक धरने पर बैठे ग्रामीणों ने प्रशासन और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा अपनी मांगों को मजबूती से रखा। गांवों के जल स्रोत, कृषि भूमि, पर्यावरण और ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कंपनी के प्रबंध निदेशक ने आंदोलनकारियों से चर्चा करते आश्वासन दिया कि 15 दिनों के भीतर ग्रामीणों द्वारा उठाई गई सभी समस्याओं और शिकायतों के समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई की जाएगी।

### शपथ ग्रहण में पहुंचेंगे प्रदेश अध्यक्ष बैज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद दीपक बैज कल 23 जून को घुमका नगर पंचायत के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर कांग्रेस समर्थित नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा तथा नगर पंचायत के निर्वाचित पार्षदगण शपथ ग्रहण करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दोपहर 12.30 बजे घुमका पहुंचेंगे तथा नगर पंचायत के शपथ ग्रहण समारोह में सहभागिता करेंगे। उनके आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों में उत्साह का माहौल है।

श्री खान ने बताया कि घुमका नगर पंचायत में कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष की विजय जनता के विश्वास, कांग्रेस की जनहितैषी विचारधारा और स्थानीय विकास के प्रति लोगों की अपेक्षाओं का प्रतीक है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष फूलमती वर्मा एवं नगर पंचायत के निर्वाचित पार्षदगण शपथ ग्रहण कर नगर के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और नागरिक सुविधाओं के विस्तार हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन प्रारंभ करेंगे।

## सीएम दौरे से पहले कांग्रेस नेता नजरबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रगतिशील किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन की आशंका के चलते पुलिस उन्हें उठाकर थाना ले आई और मुख्यमंत्री के प्रस्थान तक नजर बंद रखा।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के निर्देश पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के राजनांदगांव प्रवास के दौरान जनसरोकार की मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाना था। सोमवार सुबह पुलिस ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को थाना लाकर नजरबंद कर दिया।

उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन भानुशाली के कार्यालय और पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री के निवास पर पुलिस टीम पहुंची और उन्हें किसी प्रकार की गतिविधि नहीं करने की चेतावनी देते हुए सुरक्षा कारणों का हवाला देकर कानून व्यवस्था की दृष्टिकोंण से अपने साथ थाना ले गई।



इसके बाद अलग-अलग स्थानों से कांग्रेस नेता अमर झा, आशीष साहू, जय जायसवाल, हर्ष खोबरागड़े, राहुल गजभिये, संदीप सोनी, अभिमन्यु मिश्रा, ललित मरकाम,आफताब अहमद, आदित्य वैष्णव, सादिक खान पिंकू, रितेश महानंद, संजय नायक, सोनू साहू, निमेश लहरे, नंदकुमार साहू, कुंदन वाहने, गोलू नायक, शत्रुघ्न पासवान, जय जायसवाल, आशीष साहू, उज्जवल निर्मलकर,सादाब अली,अमर साहू सहित अन्य को लाकर थानों में नजरबंद किया गया।

## छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय सह-साधन प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 के परिणाम घोषित हो गए हैं। इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक लगातार चार वर्षों के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस प्रकार प्रत्येक चयनित विद्यार्थी को अपनी आगे की पढ़ाई के लिए कुल 48 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरझिटी के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के





छात्र फर्ज कुमार प्रजापति ने 124 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर 298वीं रैंक तथा जिला स्तर पर 5वीं रैंक हासिल की। वहीं दूसरे छात्र भेवेन्द्र देवांगन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते राज्य स्तर पर 513वीं रैंक एवं जिला स्तर पर 15वीं रैंक प्राप्त की। विद्यार्थियों की इस सफलता में जिला शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ऑनलाइन मार्गदर्शन कक्षाओं, विद्यालय प्रबंधन के सतत सहयोग, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के प्रोत्साहन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अवैध शराब बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में गातापार पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे 45 पौवा जब्त कर कार्रवाई की गई।

जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 20 जून को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मुढीपार निवासी करण सिन्हा अपने चखना दुकान के सामने अवैध देशी शराब बिक्री हेतु रखा हुआ है। सूचना पर थाना गातापार पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड की गई। मौके पर एक व्यक्ति मिला। जिसने अपना नाम करण सिन्हा 20 साल निवासी मुढीपार बताया।



#### प्लास्टिक बोरी में रखा था शराब

तलाशी के दौरान आरोपी करण सिन्हा के कब्जे से एक प्लास्टिक पानी की बोरी में 35 नग पौवा सुपर 36 प्लेन देशी मदिरा एवं 10 नग पौवा गोवा स्पेशल शराब कुल 45 नग पौवा कीमती 4000 रुपए एवं एक नग मोबाइल, बिक्री रकम 1680 रुपए बरामद की गई। आरोपी से शराब रखने एवं बिक्री संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस द्वारा बरामद शराब को विधिवत जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## नदी घाट की शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शिवनाथ वार्ड राजनांदगांव के नागरिकों द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर कार्रवाई करते शिवनाथ नदी स्थित महिला घाट के समीप शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटा दिया गया। शिवनाथ वार्ड के नागरिकों ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया था कि शिवनाथ नदी के महिला घाट के पास स्थित शासकीय भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। नागरिकों ने सार्वजनिक उपयोग की इस भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की थी। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते संबंधित राजस्व एवं नगर निगम अधिकारियों को तत्काल मौके पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें शिकायत सही पाई गई। जिला प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते शासकीय भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाया गया तथा भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार प्यारेलाल नाग मौके पर उपस्थित रहे और राजस्व अमले की निगरानी में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

## कृषि महाविद्यालय में मना योग दिवस



**राजनांदगांव।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन पांच दिवसीय कार्यशाला के साथ उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन सी सी इकाई द्वारा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण तथा छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित होकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। योग कार्यशाला का संचालन डॉ. शिवाजी लिमजे एवं डॉ. डीकेश द्वारा किया गया। कार्यशाला में योगाभ्यास के दौरान सत्यानंद योग आश्रम के योग साधकों ने विद्यार्थियों को सामान्य स्ट्रेचिंग, नाड़ी शोधन प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, हलासन, नौकासन, मेडिटेशन तथा शवासन सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन ने कहा कि यदि विद्यार्थी अपने छात्र जीवन में ही स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए नियमित योग एवं व्यायाम को अपनाएँ, तो भविष्य में मधुमेह (शुगर), उच्च रक्तचाप (बी.पी.) तथा अन्य जीवनशैली संबंधी बीमारियों से काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास, अनुशासित दिनचर्या एवं अध्ययन के प्रति समर्पित रहने का संदेश देते हुए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

# किसानों, कर्मचारियों और समाज के उत्थान के कई योजनाओं का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आईबी ग्रुप ने 22 जून को अपने प्रबंध निदेशक बहादुर अली के जन्म दिवस को इंस्पिरेशन-डे के रूप में मनाया। इस अवसर पर कृषि, पोषण, कर्मचारी कल्याण, हरित ऊर्जा और खेल प्रोत्साहन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणाएं की गई। इंस्पिरेशन-डे के अवसर पर आईबी ग्रुप ने भारत प्रोटीन मिशन की भी शुरूआत की।

इस अभियान के तहत देशभर के लगभग 400 गांव में पूरे वर्ष प्रोटीन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। आईबी ग्रुप की लगभग 400 शाखाओं से जुड़े 25 से 30 हजार किसान इस अभियान का हिस्सा बनेंगे। इस मिशन का उद्देश्य चिकन को एक सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण प्रोटीन स्रोत के रूप में स्थापित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ाना है।

#### इंस्पिरेशन-डे पर आईबी ग्रुप की पहल



#### सरकार के साथ एमओयू

कार्यक्रम के दौरान आईबी ग्रुप और छत्तीसगढ़ शासन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य खरीफ फसलों में पानी की बढ़ती समस्या को ध्यान में रखते किसानों को कम पानी में उगाई जाने वाली फसलों के लिए प्रोत्साहित करना है। आईबी ग्रुप ऐसी फसलों की किसानों से बेहतर एवं लाभकारी मूल्य पर खरीदी करेगा। जिससे किसानों की आय और मुनाफे में वृद्धि होगी और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

#### कर्मचारियों के लिए तीन नई कल्याणकारी घोषणा

आईबी ग्रुप ने अपने कर्मचारियों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए तीन महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया, जिन पर कंपनी लगभग 12 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इसमें श्रमिक प्रगति योजना के अंतर्गत अगले दो वर्षों में कर्मचारियों को लगभग 400 मोटर साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। कर्मचारियों को यह सुविधा 15 प्रतिशत सब्सिडी के साथ प्रदान की जाएगी। जिससे उनकी आवागमन संबंधी जरूरतें आसान हो सकें। वहीं 20 हजार रुपए तक मासिक वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिए विशेष आर्थिक सहायता एवं सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इसके अलावा कर्मचारी में सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोलर एवं अन्य ऊर्जा परियोजनाओं पर मिलने वाली सरकारी सब्सिडी के अतिरिक्त आईबी ग्रुप 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान करेगा। वहीं आवश्यकता पड़ने पर कंपनी लाभार्थियों को वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराएगी।



## उप मुख्यमंत्री ने 7.5 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की

# स्थानीय जनभावनाओं व सांस्कृतिक पहचान को मिला सम्मानः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के ग्राम गधहाभाटा का नाम अब आधिकारिक रूप से बदलकर सोनपुर कर दिया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजपत्र में प्रकाशन किया जा चुका है। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने ग्राम सोनपुर पहुंचकर ग्रामवासियों को राजपत्र की प्रति सौंपते हुए बधाई दी।

इस दौरान ग्राम विकास के लिए उप मुख्यमंत्री ने 7 लाख 50 हजार रुपए की कई घोषणाएं भी कीं। उन्होंने सामुदायिक भवन मरम्मत के लिए 2.50 लाख रुपए, किचन निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए, गौठान समतलीकरण के लिए 1 लाख रुपए तथा पचरी निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए की घोषणा की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ग्रामवासियों की लंबे समय से गांव का नाम बदलने की मांग थी। स्थानीय लोगों की भावना और मांग को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया। इसके बाद मंत्रिमंडल स्तर पर चर्चा हुई, राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई और अंततः राजपत्र में इसका प्रकाशन किया गया।

उन्होंने कहा कि अब यह नाम सरकारी अभिलेखों और वेब पोर्टल में स्थायी रूप से दर्ज रहेगा। साथ ही ग्रामवासियों से अपील की कि वे भी अपने व्यवहार और दैनिक उपयोग में नए नाम सोनपुर को अपनाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां इसी नाम से गांव की पहचान कर सकें। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पिपरिया नपं अध्यक्ष घुरवा राम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

### दो वर्षों में दर्ज हुई अनेक उपलब्धियां




उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों के नाम केवल पहचान नहीं होते, बल्कि वे स्थानीय इतिहास, संस्कृति और जनभावनाओं से जुड़े होते हैं। सोनपुर नाम परिवर्तन ग्रामवासियों के आत्मसम्मान और क्षेत्रीय पहचान को मजबूत करने वाला सकारात्मक कदम है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में एक अन्य गांव चांडालपुर का नाम भी बदलकर चंदनपुर किया गया है तथा उसका प्रकाशन भी राजपत्र में किया जा चुका है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास प्लस नवीन सर्वे की स्थायी सूची के लिए 24 जून को विशेष ग्राम सभा में ग्राम पंचायत स्तर पर वाचन किया जाएगा, ताकि पात्र परिवारों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अभ्युदय स्कूल कवर्धा में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह, अनुशासन एवं जनजागरण की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर योग साधना, स्वास्थ्य चेतना एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश से अनुप्राणित दिखाई दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोरमदेव प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग केंद्र, छपरी (कवर्धा) के सुप्रसिद्ध योगाचार्य लेखूराम चंद्रवंशी थे।

साथ ही कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू, एडमिनिस्ट्रेटर कुलदीप रजक, को-ऑर्डिनेटर श्रीमती रीता सिंह, प्री-प्राइमरी को-ऑर्डिनेटर सुश्री मौसमी, समस्त शिक्षकगण एवं प्रशासनिक स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तिलक, मन्त्रोंच्चारण द्वारा आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन के साथ हुआ। मंच संचालन के दौरान योगाचार्य लेखूराम चंद्रवंशी के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान का परिचय दिया गया।

बताया गया कि उन्होंने योग साधना, प्राकृतिक चिकित्सा तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रचार-प्रसार के माध्यम से असंख्य लोगों को स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवन की दिशा प्रदान की है। इसके पश्चात योगाचार्य लेखूराम चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थितजनों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, पद्मासन, भुजंगासन, शशांकासन, पवनमुक्तासन, सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासनों तथा अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी एवं ध्यान का अभ्यास किया। योगाचार्य ने प्रत्येक आसन की विधि एवं उसके स्वास्थ्यवर्धक लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ, मन को शांत, विचारों को सकारात्मक तथा जीवन को संतुलित बनाता है।

अपने प्रेरक सत्र के दौरान योगाचार्य लेखूराम चंद्रवंशी ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का विज्ञान है। उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से प्रतिदिन योग करने का आग्रह करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन की आधारशिला नियमित योग, संतुलित आहार एवं सकारात्मक सोच में निहित है। विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने मुख्य अतिथि का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सम्पूर्ण विश्व को भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली योग परंपरा से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है।

### खबर संक्षेप

#### खैरबना में कबीर प्रकट उत्सव

**सड़क अतरिया।** खैरबना में रविवार को संत श्री कबीर साहब का प्रगट उत्सव उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भव्य यात्रा निकाला तथा पूजा अर्चना एवं सत्संग का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार शामिल हुए। उन्होंने कबीर के चित्र एवं संतों की पूजा अर्चना किया। इस मौके पर विक्रांत सिंह ने कहा कि संत कबीर हमें जीवन सादगी पूर्ण जीने का संदेश देते है। उनके विचार एवं बताए राह पर चल कर हम जीवन को सुखमय बना सकते हैं। कार्यक्रम में टीके चंदेल, आनंद सिन्हा, मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, खेलन वर्मा, लीला साहू, जनपद सदस्य डोमारसिंह भेड़िया, डॉ. डेरालाल मसखर, रामप्रसाद मेरवी, जयप्रकाश मसखरे, सुरेश पटेल, प्रकाश साहू आदि मौजूद थे।

# पुनाराम निषाद मात्सियिकी महाविद्यालय में मना योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्व. पुनाराम निषाद मात्सियिकी महाविद्यालय, कवर्धा में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों, के मध्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण, एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः काल महाविद्यालय परिसर में किया गया। तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। एवं ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, तथा अनुलोम-विलोम, कपालभाति, का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं तनाव मुक्ति के उपायों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की सफलता में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. पबीत्र बारिक, डॉ. दुष्यंत कुमार दामले, डॉ. जितेंद्र कुमार जाखड,एवं डॉ. कमलेश पंडा, एवं समस्त शिक्षण सहायक, कर्मचारियों एवं रा.से.यो. इकाई के छात्र-छात्राएं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# छिरहा में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

- स्वस्थ आयु के लिए योग पर दिया गया जोर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष योग को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष थीम निर्धारित किया जाता है।

इस वर्ष बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रखा गया है। भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र महासभा से मंजूरी के बाद पहली बार 21 जून 2015 को यह पूरे विश्व में मनाया गया। उन्होंने योग के बहुआयामी फायदों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के प्रति जागरूक करना है। आज की आधुनिक और भागदौड़ भरी जीवनशैली में बढ़ते तनाव व अवसाद को कम करने में योग एक अचूक औषधि है। यह वैश्विक एकता, शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के साथ-साथ जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को दूर रख लोगों को स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करता है।

सामूहिक योगाभ्यास के बाद सभी उपस्थित जनों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस आयोजन ने न केवल बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाया, बल्कि उन्हें मानसिक एकाग्रता और अनुशासित दिनचर्या के महत्व से भली-भांति परिचित कराया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।




### 21 जून का दिन भौगोलिक व आध्यात्मिक दोनों दृष्टियों से बेहद खासः रमेश चन्द्रवंशी

प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि 21 जून का दिन भौगोलिक और आध्यात्मिक दोनों दृष्टियों से बेहद खास है। यह उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन और सबसे छोटी रात होता है, जिसे विज्ञान की भाषा मे ग्रीष्म संक्रांति भी कहा जाता है। इस दिन सूर्य कर्क रेखा के ठीक ऊपर होता है। भारतीय योग विज्ञान, दर्शन और प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा में इस विशिष्ट दिन का विशेष आध्यात्मिक महत्व माना गया है, क्योंकि इस समय प्रकृति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार अपने चरम पर होता है।

# देवरी स्कूल में मनाया योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल मरका में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियो द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाभ्यास से शरीर के सर्वांगीण विकास होता है, स्वस्थ शरीर के लिए योग की अधिक आवश्यकता है, योग से शरीरिक और मानसिक शांति मिलती है, योगासन से शरीर में दृढ़ता आती है, योग हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, हमें शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है और मानसिक शांति मिलती है। उक्त अवसर पर हेमलता शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं, सफाई कर्मचारी, रसोइया साथ ही साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित थें।



# निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ 64 लाख की स्वीकृति: विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कवर्धा विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए 01 करोड़ 64 लाख 69 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी कवर्धा, जनपद पंचायत कवर्धा, सहसपुर लोहारा, बोड़ला और विद्युत विभाग को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की अनुशंसा से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के पेयजल व्यवस्था एवं विद्युत पंप कार्य, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सारंगपुरकला, ग्राम सारंगपुरकला राशि 0.70 लाख रुपये, बोर (नलकूप) खनन कार्य, वार्ड क्रमांक 13, ग्राम बोटेसुर, ग्राम पंचायत भेण्ड्रा-राशि 0.60 लाख रुपये, सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य, ग्राम पवनतरा राशि 2.00 लाख रुपये, रंगमंच निर्माण कार्य, ग्राम सुरजपुरा (जं.) राशि 5.00 लाख रुपये, मंच निर्माण कार्य, ग्राम सरईपतेरा, ग्राम पंचायत सोनझरी राशि 1.50 लाख रुपये, सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य, शीतला मंदिर के पास, ग्राम एवं ग्राम पंचायत बामी राशि 1.00 लाख रुपये, विद्युत पोल विस्तार कार्य, ग्राम गंडईखुर्द राशि 3.00 लाख रुपये, विद्युत पोल विस्तार कार्य (11 के.व्ही. तार स्कूल मैदान से स्थानांतरित), ग्राम राम्हेपुरखुर्द राशि 2.70 लाख रुपये, सी.सी. रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 05, गुरुदास के घर से ओमप्रकाश के घर तक, ग्राम बोड़ला राशि 3.00 लाख रुपये, आंगनबाड़ी भवन मरम्मत कार्य, ग्राम खारा राशि 1.69 लाख रुपये रंगमंच निर्माण कार्य, ग्राम मिनमिनिया मैदान राशि 4.00 लाख रुपये, सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य, सतनाम भवन के पास, ग्राम तिलई भाठ, ग्राम पंचायत रघ्घूपारा राशि 1.50 लाख रुपये, गौठान निर्माण कार्य, माँ बंजारी मंदिर के पास, ग्राम दुर्जनपुर राशि 2.00 लाख रुपये, मुरुम सड़क निर्माण कार्य, ग्राम खैरबनाखुर्द राशि 3.00 लाख रुपये, गौठान निर्माण कार्य, गौ अभ्यारण्य के पास, ग्राम सरेखा राशि 5.00 लाख रुपये, मंच निर्माण कार्य, ग्राम एवं ग्राम पंचायत मिनमिनिया मैदान राशि 4.00 लाख रुपये, आंगनबाड़ी भवन मरम्मत कार्य, ग्राम एवं ग्राम पंचायत बैहरसरी राशि 1.00 लाख रुपये, सी.सी. रोड सह नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 15, बांधाटोला रोड, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा राशि 4.00 लाख रुपये। सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 14, कबीर कुटी के पास, शीतला मंदिर चैक, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा राशि 6.50 लाख रुपये, रंगमंच निर्माण कार्य शामिल है।

## पदाधिकारियों व कृषकों से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई

# कुण्डा में प्रगति पथ यात्रा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

प्रगति पथ यात्रा हाल ही में भारत के विभिन्न राज्यो में चलाई जा रही एक प्रमुख जनसंपर्क और विकास यात्रा है जिसका मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना है आम जनता तक उनका लाभ पहुंचना है और जनहित कार्यों का फीडबैक लेना है इसी क्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे भाजपा मण्डल कुण्डा ने कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा छ.ग.भुनेश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में कुण्डा रेंगाबोड से दुल्लापुर विस्तारित नहर तक प्रगति पथ यात्रा का आयोजन किया।

राष्ट्रीय भाजपा संगठन एवं प्रदेश भाजपा संगठन के आह्वान पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी एवं मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल प्रभारी रूपेश जैन एवं कार्यक्रम मण्डल संयोजक संतोष चंद्रवंशी सह संयोजक दिनेश चंद्रवंशी के कुशल मार्ग दर्शन में कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भुनेश्वर चंद्राकर के मुख्यातिथि में कुण्डा मण्डल अंतर्गत ग्राम रेंगाबोड दुल्लापुर में प्रगति पथ यात्रा का आयोजन किया गया इस दौरान किसान मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कृषकों से कृषि से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भुनेश्वर चंद्राकर संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में आर्थिक लाभ से लेकर समाजिक स्तर सुधारने जैसे कई बड़े परिवर्तन हुए केंद्र सरकार की कई योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन को सीधा बदलाव किया।

वहीं श्री चंद्राकर ने कहा केंद्र सरकार की ओर से लागू की गई किसानों की ऐसी कई योजनाएं जो सिर्फ मौसम की मार झेलने के दौरान आम लोगों को संबल देती है वहीं कृषि उद्योग में इन योजनाओं ने जान फूंकने का काम किया है। उन्होंने कहा फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदा के दौरान किसानों के लिए संकट मोचन साबित हो रहा है इस योजना के तहत किसान महज 2 फीसदी प्रीमियम देकर अपनी फसल का बीमा करा सकते है नुकसान होने पर बीमा कंपनी नुकसान की भरपाई करेगी।

पूर्व जिला मंत्री सुरेश दुबे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान हित में सम्मान निधि योजना लागू करते हुए देश किसानों को आर्थिक लाभ पहुंचाया इस योजना में हितग्राहियों को 2000 रु की 3 किश्त की हिसाब से सालाना 6000 रु की आर्थिक सहायता दे रहे है जिससे किसानों को समय पर बीज खाद एवं घरेलू उपयोग के सामान क्रय में आसान हो जाता है। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं कृषकगण ग्रामवासी उपस्थित थें।



# भूमिहीन कृषि योजना से हितग्राही हो रहे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



ग्रामीण परिवारों के जीवन में आर्थिक सुरक्षा और सम्मान का नया भरोसा बनकर उभरी दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना कबीरधाम जिले में हजारों जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। जिले में 20 हजार से अधिक भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं और उन्हें प्रतिवर्ष एकमुश्त 10 हजार रुपए की सहायता राशि सीधे बैंक खातों में प्राप्त हो रही है।

इसी योजना से लाभान्वित होकर ग्राम मझगांव निवासी भूमिहीन किसान नरेश लहरे के परिवार के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। नरेश लहरे भूमिहीन किसान हैं और परिवार की आजीविका के लिए राजमिस्त्री का कार्य भी करते हैं। सीमित आमदनी होने से परिवार की दैनिक जरूरतों, बच्चों की पढ़ाई और घरेलू खर्चों को संतुलित करना कई बार चुनौतीपूर्ण हो जाता था। ऐसे समय में शासन की दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना उनके लिए सहारा बनकर सामने आई।

योजना के तहत पिछले दो वर्षों में लहरे के बैंक खाते में सीधे 20 हजार रुपए की सहायता राशि प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि इस राशि का उपयोग परिवार की आवश्यक जरूरतों को पूरा करने, घरेलू खर्चों में सहयोग तथा बच्चों की पढ़ाई जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में किया गया। इससे आर्थिक दबाव कम हुआ और परिवार को आगे बढ़ने का भरोसा मिला। श्री लहरे ने बताया कि योजना के माध्यम से समय पर मिली सहायता से उन्हें यह विश्वास मिला कि शासन जरूरत के समय उनके साथ खड़ा है। छत्तीसगढ़ सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य ऐसे परिवारों को आर्थिक सहयोग देना है, जिनकी आय सीमित है और जिनका जीवन मुख्यतः मजदूरी एवं पारंपरिक कार्यों पर आधारित है।



## खबर संक्षेप

### पोंड़ी में उत्साहपूर्वक मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**पोंड़ी**। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पोंड़ी में विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। हनुमान गार्डन एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हाई स्कूल पोंड़ी में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों ने सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं निरोग जीवन अपनाने का संकल्प लिया। हनुमान गार्डन में आयोजित योग महोत्सव का शुभारंभ ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती मिथिला मोती द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया गया, जिसमें युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हाई स्कूल पोंड़ी में भी योग दिवस का प्रेरणादायक आयोजन संपन्न हुआ। विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास कर योग के महत्व को आत्मसात किया। विद्यालय परिवार के समर्पित प्रयासों एवं उत्कृष्ट समन्वय से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दोनों कार्यक्रमों में वरिष्ठ योग साधक एवं योग शिक्षक राम अवतार आर्य ने विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने योग, आयुर्वेद, स्वदेशी एवं भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों, तनाव और अनियमित दिनचर्या से बचने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नियमित योगाभ्यास से मिलने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी तथा उपस्थित जनसमुदाय को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया।

### महाविद्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित



**कवर्धा**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने की, उन्होंने योग को नियमित दिनचर्या में लाने हेतु उद्बोधन दिए। राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश चंदेल तथा महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे, एनसीसी अधिकारी भानुप्रताप सिंह, क्रीड़ा अधिकारी खेलन प्रसाद महुले के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं, स्वयंसेवकों, कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के हिंदी के सहायक प्राध्यापक नरेंद्र कुमार कुलमित्र द्वारा विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया।

### अमृत सरोवर तालाब में योग दिवस मनाया गया



**कोलेगांव**। विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के महिलाओं एवं पंचायत पदाधिकारी के द्वारा योग दिवस के पावन पर्व पर अमृत सरोवर तालाब के पास योग किया गया, जिसमें ग्रामीणों को बताया गया कि योगा करने से शरीर में थकान दूर रहता है एवं शरीर को स्वस्थ बनाए रखना है, योगा करने से बड़े से बड़े बीमारी का रोग का निदान है इसलिए प्रतिदिन योगा करना चाहिए। योगाभ्यास के समय मनरेगा के मजदूर महिलाओं एवं बुजुर्ग के साथ-साथ पंचायत के सरपंच सुरेश धुर्वे, उपसरपंच विनय शर्मा, दिनेश पाण्डेय, राम सहायक साहू, जगतु साहू, टिंकू गोस्वामी, ओम प्रकाश यादव, दुर्गेश साहू, रामफल साहू, शैलेंद्र शर्मा, मुनीराम साहू, भोलाराम साहू, शोभन गोस्वामी, विकलेश साहू, पंचायत सचिव रामेश्वर साहू, सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### अशोका पब्लिक स्कूल में योग दिवस का आयोजन



**कवर्धा**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में भव्य योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, अनुशासन, आध्यात्मिकता तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय द्वारा एक नए प्रार्थना नवाचार के रूप में प्रत्येक शनिवार को सभागार में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ की परंपरा का शुभारंभ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर सनातन संस्कार समिति के योग गुरु राजकुमार वर्मा, ओंकार सिंह राजपूत, रविशंकर राजपूत एवं खोमेश सिंह राजपूत का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय के संचालक पवन देवांगन ने विद्यार्थियों को योग के इतिहास, महत्व एवं उससे जुड़े रोचक तथ्यों की जानकारी देते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली एक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि योग की उत्पत्ति भारत की प्राचीन सभ्यता में हुई तथा भगवान शिव को आदि योगी अर्थात प्रथम योग गुरु माना जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आज विश्वभर में योग को स्वस्थ और संतुलित जीवन के प्रभावी माध्यम के रूप में अपनाया जा रहा है।

**नुकसान : लाखों का सामान राख, देर रात तक चला राहत-बचाव अभियान**

# शहर के बीचों-बीच कपड़ा दुकान में लगी आग, तीन मंजिला प्रतिष्ठान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहर के मुख्य बाजार में रविवार रात एक कपड़ा दुकान में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और तीन मंजिला प्रतिष्ठान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान के भीतर रखे सामान को बाहर निकालने का अवसर नहीं मिल सका।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। वहीं कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक तीन मंजिला प्रतिष्ठान पूरी तरह जल चुका था। आगजनी में दुकान में रखा कपड़ा, फर्नीचर और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई।

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार व्यापारी को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान संचालक नदीम अंसारी ने बताया कि वह रात करीब साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर घर गए थे। कुछ समय बाद लोगों का फोन आया कि उनकी दुकान से आग की लपटें निकल रही हैं। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग पूरे प्रतिष्ठान में फैल चुकी थी।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं।







**देर रात तक जुटी रही भीड़**

घटना के बाद बाजार क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ जुट गई। राहत और बचाव कार्य देर रात तक चलता रहा। आग की भयावहता को देखते हुए आसपास की दुकानों को भी एहतियातन खाली कराया गया, जिससे आग अन्य प्रतिष्ठानों तक न फैल सके।

**समय पर पहुंची फायर ब्रिगेड**

सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने लगातार प्रयास कर आग को नियंत्रित किया और आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोक दिया। आग बुझने के बाद भी काफी देर तक धुआं निकलता रहा।

# विवि के विभिन्न समस्याओं को लेकर अभाविप ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

### छात्रहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) कबीरधाम जिला के प्रतिनिधिमंडल ने दुर्ग स्थित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति से सौजन्य भेंटकर जिले के विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा। इस दौरान छात्रहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। ज्ञापन में प्रमुख रूप से जिले में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की शाखा स्थापित करने, विषय चयन संबंधी समस्याओं के समाधान, महाविद्यालयों में स्थायी प्राचार्यों की नियुक्ति, स्नातकोत्तर कक्षाओं के संचालन, दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों की सुविधा हेतु परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था, उत्तरपुस्तिका की प्रतिलिपि शुल्क में कमी तथा एटीकेटी परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किए जाने जैसे विषयों को प्रमुखता से रखा गया।

जिला संयोजक मानस मिश्रा ने कहा कि जिले के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए बार-बार दुर्ग जाना पड़ता है, जिससे उन्हें समय एवं आर्थिक दोनों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिले में विश्वविद्यालय की शाखा स्थापित होने से विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने छात्रहित से जुड़े विषयों पर शीघ्र एवं सकारात्मक कार्यवाही करने की मांग की। वहीं प्रांत कार्यसमिति सदस्य गजाधर वर्मा ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समस्याओं को रखते हुए कहा कि छात्र हित सर्वोपरि होना चाहिए तथा विश्वविद्यालय को विद्यार्थियों की सुविधाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने चाहिए।

**सकारात्मक पहल का आश्वासन**

कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रस्तुत सभी विषयों को गंभीरता से सुना तथा छात्रहित से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने जिले में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की एक शाखा स्थापित किए जाने की दिशा में आवश्यक प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने पर सहमति बनी।

# राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए लल्ली साहू चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय एकता शिविर 24 से 30 जून तक आरपीएस सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल, वीपीओ, खातोद, महेंद्रगढ़ (हरियाणा) में +2 काउंसिल के एनएसएस स्वयंसेवकों और कार्यक्रम अधिकारी की भागीदारी होंगे, महेंद्रगढ़ (हरियाणा) में विषय युवा फॉर माय भारत एवं युवा फॉर डिजिटल लिटरेसी पर शिविर आयोजित किया जा रहा है।

जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से +2 काउंसिल के राष्ट्रीय सेवा योजना के 04 छात्र एवं 05 छात्रा स्वयंसेवक और 01 कार्यक्रम अधिकारी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से सहभागिता करेंगे।

जिसमें कबीरधाम जिला के शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा लल्ली साहू कक्षा 12 से भाग लेंगे। जो कि डॉ नीता वाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी, डॉ जनेंद्र कुमार दीवान कार्यक्रम समन्वयक हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी, डॉ कामती सिंह परिहार जिला संगठक बेमेतरा और कबीरधाम और कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार राजपूत, शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली के मार्गदर्शन में कैंप के उद्देश्यों के लिए कार्य करेंगे।

लल्ली साहू के राष्ट्रीय स्तर के कैंप में चयनित होने पर प्राचार्य जोध्या राम बंजारे सहित समस्त शिक्षकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# निर्माण कार्यों के लिए मिली करोड़ों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कबीरधाम जिले के अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यो के लिए 1 करोड़ 40 लाख 63400 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए जनपद पंचायत पंडरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कवर्धा और बोड़ला को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन की अनुशंसा पर मंच निर्माण कार्य, पीएम श्री सेजेस बोड़ला में नगर पंचायत बोड़ला राशि 6 लाख रूपए, चबूतरा निर्माण कार्य, वार्ड क्रं. 10 में खैरमाता बैगाटोला, बोड़ला राशि 1.3 लाख रूपए, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 10 में राशि 4.88 लाख रूपए, आहाता निर्माण कार्य, वार्ड नंबर 20 नगर पालिका कवर्धा राशि 3.5 लाख रूपए, सामुदायिक भवन का गोदाम निर्माण कार्य, (सेवा सहकारी समिति मर्या. कवर्धा पंजी. क्र. 26 में) कवर्धा राशि 10 लाख रूपए, सी.सी. रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 01 में राजनांदगांव रोड कवर्धा में राशि 5.2 लाख रूपए, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 17 में कवर्धा राशि 10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। साथ ही साथ अन्य क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए सौगात दी है, जिस पर ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# विकसित भारत जी राम जी व आवास प्लस 2.0 की स्थायी सूची के लिए 24 जून को होगी ग्राम-सभा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सोमवार को जिले के 471 ग्राम पंचायतों और उनके आश्रित ग्रामो में 24 जून को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम सभा में 1 जुलाई 2026 से लागू होने वाले विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका ग्रामीण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 की स्थाई प्रतीक्षा सूची पर चर्चा होगी, जिसमे शासन की दोनों महत्वपूर्ण योजनाओं के विषय पर ग्रामीणों को जानकारी दी जाएगी।

कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा ग्राम सभा का आयोजन करने का निर्देश जारी किया गया है। ग्राम सभा मे महात्मा गांधी नरेगा के स्थान पर विकसित भारत जी राम जी योजना से ग्रामीणों को मिलने वाले 125 दिनों के रोजगार, सात दिवस में मजदूरी भुगतान, काम की मांग पर रोजगार, ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, आजीविका, जल संरक्षण के साथ महिलाएं एवं युवाओं को मिलने वाले फायदे के बारे में बताया जाएगा। साथ ही वर्तमान मजदूरी दर बेरोजगारी भत्ता पारदर्शिता एवं जवाब दे ही जैसे प्रमुख बदलाव के विषय में लोगों तक जानकारी पहुंचाई जाएगी।

नई योजना में कार्य की चार प्रमुख श्रेणियां जिसमें जल सुरक्षा और संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संवर्धन और जलवायु परिवर्तन जैसे प्रमुख घटकों पर ग्रामीणों के साथ चर्चा होगी।

**ग्राम सभा में उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें: राज तिवारी**

इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक पंचायत राज तिवारी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिले में ग्राम सभा का आयोजन होगा जिसमें शासन की प्रमुख योजनाओं पर बात होगी। ग्राम सभा मे मुख्य रूप से विकसित भारत जी राम जी एवं प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 की स्थाई प्रतीक्षा सूची का विषय है। इसके अतिरिक्त जल संवर्धन, ग्राम संपदा एप्प, स्वच्छता, टीवी मुक्त भारत अभियान एवं बाल विवाह जैसे विषयों पर पर भी चर्चा होगी। ग्रामीणों से अपील की जाती है कि वह ग्राम सभा में आवश्यक रूप से उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा हितग्राहियों के चयन प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# मां भारतीय एकेडमी दामापुर की खिलाड़ी खेलेंगी नेशनल कराटे

- नि :शुल्क कराटे क्लास के तहत लड़कियों को सिखाया जा रहा है आत्मरक्षा का गुण : अश्वनी ।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

दामापुर क्षेत्र की छः बेटियां अब नेशनल प्रतियोगिता में शामिल होकर कराटे के स्पर्धा में किस्मत आजमाएंगी, बताया जाता है कि महज दो माह पूर्व बेटियों को आत्मरक्षा की गुण सिखाने के उद्देश्य से शुरु किया गया यह कराटे क्लास अब प्रदेश में जाकर प्रदर्शन करने तैयार है। आसपास के गांवो की छोटी-छोटी बेटियां कराटे सीखने लक्ष्य पब्लिक स्कूल शिवगंगा धाम के ग्राउंड में आया करते हैं। नेशनल खिलाड़ी कराटे शिक्षक जैतपुरी निवासी ज्योति बघेल द्वारा खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दिया जा रहा है। जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति अश्वनी यदु ने बताया की हमने नहीं सोचा था की हमारा छोटा सा प्रयास एक दिन बड़ा रूप ले लेगी और हमारे दामापुर क्षेत्र की बेटियां प्रदेश में जाकर अपने कला का प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन करेंगी। उन्होने बताया कि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा का विशेष सहयोग मिला। जो कि 21 जून को रायपुर के रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी में नेशनल स्पर्धा का आगाज होगा, जहां बच्चे कराटे के स्पर्धा में शामिल होंगे। जिसमें दामापुर क्षेत्र से जैतपुरी यशश्विनी यदु, कामनी निषाद, संस्कृति केशरवानी, दामनी यादव, रागनी निर्मलकर, डिंम्पल साहू शामिल होंगी।



**जिला अस्पताल की तत्परता व चिकित्सकों के प्रयासों ने बचाई मासूम की जान**

# सर्पदंश पीड़ित बालिका को मिला नया जीवन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली 9 माह की बच्ची को करैत सांप ने काट लिया। शुरुआत में परिजन स्थिति की गंभीरता को समझ नहीं पाए, लेकिन कुछ ही समय में बच्ची की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। बच्ची सुस्त होने लगी, शरीर में कमजोरी बढ़ने लगी और उसकी हालत चिंताजनक हो गई। परिजनों ने बिना समय गंवाए उसे तत्काल जिला चिकित्सालय कबीरधाम पहुंचाया। जिले में करैत जैसे अत्यंत विषैले सर्प के दंश का शिकार हुई मात्र 9 माह की एक मासूम बच्ची को जिला अस्पताल की चिकित्सा टीम ने समय पर उपचार देकर नया जीवन प्रदान किया। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल उपचार शुरू कर दिया।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीके तुरे के मार्गदर्शन में चिकित्सा अधिकारी डॉ त्रिभुवन जायसवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम ने बच्ची की स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक जांच एवं उपचार प्रारंभ किया। सर्पदंश के प्रोटोकॉल के अनुसार एंटी स्नेक वेनम सहित सभी आवश्यक जीवनरक्षक दवाएं और उपचार उपलब्ध कराए गए। चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने कई घंटों तक लगातार बच्ची की निगरानी की। उपचार के दौरान उसकी श्वसन क्रिया, हृदय गति और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतकों पर लगातार नजर रखी गई। जिला अस्पताल की स्वास्थ्य टीम ने पूरी तत्परता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए बच्ची को हर आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई। परिवार के सदस्यों ने जिला अस्पताल की पूरी टीम, विशेष रूप से डॉ. त्रिभुवन जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी बेटी को नया जीवन मिला है।

**डॉक्टरी उपचार ही सबसे कारगर**

डॉ. त्रिभुवन जायसवाल ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक, टोना-टोटका अथवा घरेलू उपचार में समय न गंवाएं। मरीज को तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुंचाएं। सर्पदंश के मामलों में समय पर दिया गया उपचार ही जीवनरक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण साबित होता है।